प्रेस–विज्ञप्ति

कलैण्डर वर्ष 2023 के 01 जनवरी, 2023 से 30 जून, 2023 के मध्य आयोजित राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में पदक जीतने वाले खिलाड़ियों से आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। इसी के साथ **गत वर्ष 2022 के 01 जनवरी, 2022 से 31 दिसम्बर, 2022** के मध्य प्रतियोगिताओं अर्जित पदक से संबंधित, जो **खिलाड़ी आवेदन करने से छूट गये हैं**, ऐसे खिलाड़ियों से भी पुरस्कार हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। पुरस्कार धनराशि वर्तमान में लागू शासनादेश संख्या 333 दिनांक 06 सितम्बर, 2022 के अनुसार प्रदान किया जायेगा। खिलाड़ियों को सूचित किया जाता है कि आवेदन पत्र के साथ अपने आवेदन पत्र में उल्लेख प्रशिक्षक से संबंधित प्रशिक्षक का प्रमाण–पत्र यथा– मान्यता प्राप्त खेल संस्थानों से खेल में 01 वर्षीय डिप्लोमा या समकक्ष अथवा 06 सप्ताह का सर्टिफिकेट कोर्स अथवा संबंधित खेल के राष्ट्रीय संघ प्रशिक्षक के प्रशिक्षण का प्रमाण–पत्र तथा खिलाड़ी से संबंधित भी अन्य दस्तावेज जमा कराया जाना आवश्यक है। आवेदन पत्र जमा करने की अन्तिम तिथि 31 जुलाई, 2023 (सोमवार) नियत की जाती है। आवेदन पत्र पंजीकृत डाक से अथवा व्यक्तिगत रूप से खेल निदेशालय, उत्तराखण्ड, महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज परिसर, रायपुर, देहरादून में प्रेस विज्ञप्ति जारी होने के उपरान्त किसी भी कार्यालय दिवस को प्रातः 10:00 बजे से सायं 05:00 बजे तक जमा किए जा सकते हैं। संबंधित आवेदन फॉर्म, दिशा–निर्देश आदि खेल विभाग की बेवसाईट www.sports.uk.gov.in/Awards से प्राप्त किये जा सकते हैं।

निदेशक खेल